सीएसआईआर - केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
CSIR - Central Electronics Engineering Research Institute
पिलानी (राजस्थान) Pilani (Rajasthan) 333031

सं. No. : 35/1/2020 - राभा दिनांक Dated : 04 दिसंबर, 2024

कार्यालय ज्ञापन
Office Memorandum

विषय : संस्थान के विज्ञापनों का अनिवार्य रूप से हिंदी में भी जारी/प्रकाशित किया जाना।

माननीय संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप-समिति द्वारा विगत 27 फरवरी, 2023 को संस्थान का राजभाषा निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान संस्थान द्वारा प्रकाशित विज्ञापनों के संबंध में समिति ने असंतोष व्यक्त किया था तथा संस्थान को सभी विज्ञापन हिंदी में भी अनिवार्य रूप से जारी/प्रकाशित करने के लिए कहा था। इस पर संस्थान की ओर से माननीय समिति को आश्वासन दिया गया था कि संस्थान के सभी विज्ञापन हिंदी में भी जारी किए जाएंगे। **यह भी उल्लेखनीय है कि विज्ञापनों के प्रकाशन संबंधी व्यय पर भी समिति गंभीरतापूर्वक ध्यान देती है।**

अत: सभी संबंधित अनुभाग/प्रभाग/समूह प्रमुखों से अनुरोध है कि कृपया माननीय संसदीय राजभाषा समिति द्वारा किए गए संस्थान के राजभाषा निरीक्षण के आलोक में संस्थान के सभी विज्ञापनों को अनिवार्य रूप से हिंदी में भी जारी/प्रकाशित किया जाए। **संबंधित अधिकारी कृपया यह भी ध्यान दें कि नियमानुसार हिंदी विज्ञापनों के प्रकाशन का व्यय भी अंग्रेजी विज्ञापनों के व्यय के समान हो।**

कृपया ध्यान दें कि संघ की राजभाषा नीति (राजभाषा नियमों तथा राजभाषा अधिनियमों) का अनुपालन सभी अधिकारियों/कर्मचारियों का व्यक्तिगत उत्तरदायित्व है।

जय शंकर 04/12/2024

(जय शंकर शरण/JS Sharan)
प्रशासन नियंत्रक / CoA

प्रतिलिपि (सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु) :

1. निदेशक कार्यालय
2. सभी विभागाध्यक्ष/समूह प्रमुख/अनुभाग प्रभारी
3. प्रभारी, एआईटीजी/एनएमसी - वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए
4. सभी सूचना पट्ट